जयकारा बोलो शेरावाली का

हो... जयकारा बोलो शेरावाली का,
शेरावाली का मेरी पहाड़ा वाली का,
हो... जयकारा बोलो शेरावाली का.....

टीका तो मैं लेकर आई मां को जाए पहना दूंगी
जो मेरी मैया मेहर करेगी बिंदिया भी लगा दूंगी,
हो... जयकारा बोलो शेरावाली का.....

हरवा तों मैं लेकर आई मां को जाए पहना दूंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी माला भी मंगवा दूंगी
हो... जयकारा बोलो शेरावाली का.....

कंगना तो मैं लेकर आई मां को जाए पहना दूंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी मेहंदी भी लगा दूंगी,
हो... जयकारा बोलो शेरावाली का.....

पायल तो मैं लेकर आई मां को जाए पहना दूंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी महावर भी लगा दूंगी,
हो... जयकारा बोलो शेरावाली का.....

लहंगा तो मैं लेकर आई मां को जाए पहना दूंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी चुनरी भी उड़ा दूंगी,
हो... जयकारा बोलो शेरावाली का.....

हलवा तो मैं ले कर आई मां को जाए खिला दूंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी छोले भी मंगवा दूंगी,
हो... जयकारा बोलो शेरावाली का.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27223/title/jaikara-bolo-sherawali-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |